सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-403**
07/09/2017

झारखण्ड सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया पॉच करोड़ रूपये का अंशदान

पटना 07 सितम्बर, 2017 :– आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में झारखण्ड सरकार के नगर विकास एवं आवास तथा परिवहन मंत्री श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने झारखण्ड सरकार की तरफ से बाढ़ पीड़ितो के सहायतार्थ मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये पॉच करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये झारखण्ड सरकार को धन्यवाद दिया तथा झारखण्ड सरकार के इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह उपस्थित थे।

******